सिया महारानी आई है

गिरिजा पूजन को भगवान सिया महारानी आई है,
रानी आई है सिया महारानी आई है,
गिरिजा पूजन को भगवान सिया महारानी आई है॥

कोई सखी आगे चले कोई सखी पीछे चले,
सीता चले मधुरिया चाल सिया महारानी आई है,
गिरिजा पूजन को भगवान सिया महारानी आई है॥

कोई सखी हार लिए कोई सखी फूल लिए,
सीता लिए पूजा का थाल सिया महारानी आई है,
गिरिजा पूजन को भगवान सिया महारानी आई है॥

कोई सखी हाथ जोड़े कोई सखी पैर पड़े,
सीता मांग रही वरदान सिया महारानी आई है,
गिरिजा पूजन को भगवान सिया महारानी आई है॥

दशरथ जैसे ससुरा देना, देना कौशल्या सी सास,
और पति देना श्री राम सिया महारानी आई है,
गिरिजा पूजन को भगवान सिया महारानी आई है॥

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/25325/title/siya-maharani-aayi-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |